Chapter 3

The Pronoun

सर्वनाम

Noun के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को pronoun कहा जाता है; जैसे he, she, this, it, them, आदि। इसका प्रयोग noun की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए किया जाता है।

e.g. (i) Ram is a doctor. <u>He</u> helps poor.

(ii) Sita is his wife. <u>She</u> is very beautiful.

उपरोक्त वाक्यों में He का प्रयोग Ram के लिए तथा She का प्रयोग Sita के लिए किया गया है। अतः He और She, pronouns हैं।

Kinds of Pronoun सर्वनाम के प्रकार

Pronoun दस प्रकार के होते हैं :

1. Personal pronoun (व्यक्तिवाचक सर्वनाम)
2. Demonstrative pronoun (संकेतवाचक सर्वनाम)
3. Interrogative pronoun (प्रश्नवाचक सर्वनाम)
4. Relative pronoun (सम्बन्धवाचक सर्वनाम)
5. Distributive pronoun (विभागसूचक सर्वनाम)
6. Indefinite pronoun (अनिश्चयवाचक सर्वनाम)
7. Reflexive pronoun (निजवाचक सर्वनाम)
8. Emphatic pronoun (दृढ़तासूचक सर्वनाम)
9. Reciprocal pronoun (परस्परवाचक सर्वनाम)
10. Exclamatory pronoun (विस्मयबोधक सर्वनाम)

Personal Pronoun व्यक्तिवाचक सर्वनाम

जिस pronoun से किसी व्यक्ति या जानवरों तथा वस्तुओं का बोध होता है, उसे Personal pronoun कहते हैं। इसके अन्तर्गत I, we, you, he, she, it, they शब्द आते हैं।

e.g. (i) <u>I</u> am a boy. (ii) <u>She</u> is a girl.

उपरोक्त वाक्यों में I तथा She से किसी व्यक्ति का बोध हो रहा है। अतः I और She, Personal pronouns हैं।

जानवरों तथा वस्तुओं के लिए It का प्रयोग किया जाता है।

Personal pronoun से निम्नलिखित तीन persons का बोध होता है :

1. **First person** बात कहने वाला; जैसे I, We.
2. **Second person** बात सुनने वाला; जैसे You.
3. **Third person** जिसके बारे में बात की जा रही हो; जैसे He, She, It, They.